अधिक वसूली गई राशि लौटाने व लाइसेंस निरस्त करने के दिए निर्देश

## मोहगांव बैल बाजार में ठेकेदार की अवैध वसूली को विधायक चौरे ने कराया बंद



**नवभारत न्यूज़**

**सौंसर 19 मई.** आज नगर मोहगांव बैल बाजार में विधायक विजय चौरे नगर कांग्रेस कमेटी मोहगांव के कार्यकर्ता-पदाधिकारियों के साथ पहुंचे।

**700 की जगह 1000 रुपये की वसूली:**

मवेशियों की खरीदी-बिक्री पर प्रशासन द्वारा निर्धारित शुल्क 700 रुपये के स्थान पर ठेकेदार द्वारा किसानों से जबरन 900 से 1000 रुपये की अवैध वसूली की जा रही थी। इस पर तत्काल श्री चौरे ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देशित कर ठेकेदार द्वारा सभी किसानों से जबरन अधिक लिए गए रुपये लौटाने और ठेकेदार का लाइसेंस तुरंत निरस्त करने के निर्देश दिए।

**संचालन में घोर लापरवाही का आरोप :** श्री चौरे ने नगर पालिका मोहगांव के जिम्मेदार अधिकारियों पर बैल बाजार के संचालन में घोर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बैल बाजार परिसर में न तो सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और न ही खरीदी-बिक्री होने वाले गाय-बैल की कोई लिखित जानकारी रखी जा रही है, जबकि जो व्यक्ति गाय अथवा बैल की खरीदी-बिक्री कर रहा हो, उसके सभी दस्तावेज जमा कराए जाने चाहिए। मौके पर ही मुख्य नगर पालिका अधिकारी मोहगांव को बैल बाजार परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने और गाय-बैल की खरीदी-बिक्री की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने हेतु ऑनलाइन सिस्टम लागू करने के निर्देश दिए।

**ठेकेदार पर एफआईआर के निर्देश:** साथ ही ठेकेदार द्वारा मनमानी कर गरीब किसानों से अधिक राशि वसूलने को लेकर थाना प्रभारी मोहगांव को ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए।

विधायक चौरे ने कहा कि क्षेत्र के किसान भाइयों और गौ माता के साथ हो रहे अन्याय को किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से अनुरोध किया कि बैल बाजार में खरीदार और विक्रेता दोनों का आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, पासपोर्ट फोटो जमा किया जाए* साथ ही खरीदे गए मवेशियों की फोटो को ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज किया जाए। खरीदार और विक्रेता का पुलिस वेरिफिकेशन कराए जाने के बाद ही उन्हें मवेशियों की खरीदी-बिक्री करने की अनुमति प्रदान की जाए। इस अवसर पर विधायक विजय चौरे, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शंकर ब्रम्हे, सुभाष कलम्बे, अंसार खान, नितिन ढोबले, जुबेर अली, कपिल गढ़ेकर, गुलशन गजभिए, अनुभव रुंघे आदि मौजूद रहे।

## जामसांवली धाम की दिव्यता से अभिभूत मुख्यमंत्री डॉ यादव सोशल मीडिया पर कर रहे नियमित पोस्ट

**नवभारत न्यूज़**

**सौंसर 19 मई.** सौसर के पांढुर्णा जिले में स्थित चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर हनुमान लोक जामसांवली धाम एक धार्मिक स्थल के साथ-साथ सनातन संस्कृति और आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बन चुका है। प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु यहां पहुंचकर प्रभु के चरणों में शीश नवाकर आत्मिक शांति और दिव्य अनुभूति प्राप्त कर रहे हैं। संस्थान अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जामसांवली धाम की अलौकिक महिमा और भव्य हनुमान लोक परियोजना से प्रभावित हैं और नियमित रूप से सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर रहे हैं। धाम परिसर में भक्ति, श्रद्धा और




आध्यात्मिक ऊर्जा का अदभुत संगम दिखाई देता है। यहां होने वाले अनुष्ठान, भजन-कीर्तन, सुंदरकांड पाठ और विशाल आयोजन श्रद्धालुओं के मन में अद्वितीय आस्था का संचार कर रहे हैं।

## बाजार का टिन का सेट हुआ खराब,बारिश में होती है परेशानी



**नव भारत न्यूज**

**बडचिचोली,19 मई,** ग्राम बड़चिचोली में प्रति मंगलवार को साप्ताहिक बाजार लगता है जहा इस ग्राम के साथ ही आसपास के ग्रामों से भी बडी संख्या में ग्रामीण यहा पहुचकर साख सब्जियों के साथ ही अन्य समान खरीदकर ले जाते है । इस साप्ताहिक बाजार से ग्राम पंचायत द्वारा ठेके पर देंने से अच्छी खासी आमदानी हो रही हैं, लेकिन इसके ग्राम पंचायत के द्वारा कई वर्षों पूर्व बने टिन के शेड में अब छेद पड़ गए हैं,लेकिन इसके सुधार नहीं होने पर बारिश के दिनों में इस छत से पानी टपकता है तथा रहागीरों को तथा दुकानदारों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है तथा टीन के छत के नीचे दुकानदारों को तिरपाल या फनी पीछा कर काम चलाना पड़ता है ग्रामीणों के द्वारा हर चिचोली के वासीयों द्वारा साप्ताहिक बाजार में टीन का शेड की मरम्मत करने की मांग की है राम की पूर्व जनपद सदस्य नुरू मोहमद ने बताया कि ग्राम पंचायत के द्वारा साप्ताहिक बाजार में टिन की शेड को मरामद करने की मांग की है

## मारुड में अब तक नही लगा सार्वजनिक प्याऊ,पानी के लिए भटक रहे राहगीर

**नव भारत न्यूज**

**मारुड( पांढुरना ),19 मई,** भारतीय संस्कृती में प्यास बुझाने को पुण्य का काम माना जाता है , भीषण गर्मी के दौर में मनुष्य ही नही बल्कि पशु पक्षियो के लिए भी पानी की व्यवस्था करना हमारे देश की लोक परंपरा रही है लेकिन आधुनिक जीवन शैली और बाजारवाद के कारण सदियो पुरानी जल दान संस्कृति धिरे धिरे गांव से गायब होती जा रही है विशेषकर गावों में अब दुर दुर तक प्याऊ नजर नही आते यही स्थिति ग्राम मारुड की है.

पांढुरना तहसिल में मारुड ग्राम पंचायत आय की दृष्टी से दुसरे स्थान पर है वही राजनीतिक एवं धार्मिक दृष्टी से महत्वपूर्ण है .यहा कई राजनितिक संगठन एवं धार्मिक-सामाजिक संस्थाऐ है रोज किसी न किसी मंदिर मठ में किर्तन -प्रवचन होता है लेकीन इस भिषण गर्मी मे राहगीरो के लिऐ एक प्याऊ खोलने की आवश्यकता महसुस नही कि जा रही है .



**मजबुरीवश खरीदना पडता है बोतलबन्द पानी:** उल्लेखनीय है की मारुड आसपास के 8-10 ग्रामो का केंद्र है यहा बैंक , पोष्ट ऑफिस ,अस्पताल, पशु औषधालय, सेवा सहकारी समिति ,बिजली वितरण केंद्र है इसके अलावा यहा साप्ताहिक बाजार भी लगता है जिसके कारण प्रति दिन दुर दराज गावों से बडी तादाद में लोग आते है इनमें महीलाऐ , बुजूर्ग और छोटे बच्चे भी होते है जिन्हे यहा घंटो रहना पडता है लेकिन प्यास लगने पर उनको पानी के लिए यहा वहा भटकना पडता है ,मजबुरीवंश लोग दुकानो मे बिकने वाला महंगा बोतलबन्द पानी खरिदने के लिऐ विवश होना पडता है ,जो खासकर गरीब और मजदुर वर्ग के लिऐ अतिरिक्त आर्थिक बोझ साबित हो रहा है.

**निष्क्रिय है सामाजिक एवं राजनितिक संस्थाऐ ::** स्थानीय लोगो का कहना है कि यदी बाजार चौक में अस्थाई रुपसे एक ठंडे प्याऊ कि व्यवस्था कि जाऐ तो राहगीरो को काफी राहत मिल सकती है ,यह न केवल एक सुविधा होंगी बल्कि मानवता के प्रति एक महत्वपूर्ण कदम भी होंगा .

इस मुद्देने यहा के सामाजिक,राजनीतिक एवं धार्मिक संस्थाओं की भुमीका पर सवाल खडे कर दिए है जहा एक और पंचायत प्रतिनिधियो की तरफ से अब तक कोई पहल देखने को नही मिली है वही दुसरी और सामाजसेवी एवं धार्मिक संस्थाऐ भी इस दिशा मे सक्रिय नजर नही आ रही है .

## आज घोघरा समाधी स्थल पर पूर्व मंत्री रेवनाथ चौरे को दी जायेगी श्रद्धांजलि

**नवभारत न्यूज़**

**पिपला नारा.वार।** सौंसर 19 मई मध्यप्रदेष के पूर्व मंत्री एवं जननायक स्व. रेवनाथ चौरे की पुण्यतिथि पर उनके समाधि स्थल घोघरा में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। बुधवार 20 मई को सुबह 10 बजें से दोपहर 2 बजें तक आयोजित काय्रक्रम में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, समर्थक एवं बडी संख्या में ग्रामीण उपस्थित होकर श्रद्धासुमन अर्पित करेगे। स्व. रेवनाथ चौरे ने अपने राजनीतिक एवं सामाजिक जीवन में जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। वे सदैव किसानों, गरीबों और आमजन की आवाज बनकर कार्य करते रहे। उनके कार्यकाल में क्षेत्र में अनेक विकास कार्य हुये, जिनकी छाप आज भी लोगों के दिलों में



जीवंत है। सरल स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व और जनहितैशी सोच के कारण वे क्षेत्रवासियों के बीच अत्यंत लोकप्रिय रहे। आदमी नही उसका काम बोलता है इस कहावत को अपने जीवन में साकार करनेवाले स्व. चौरे ने समाजहित और विकास के माध्यम से लोगों के हृदय में अमिट स्थान बनाया। आज भी क्षेत्र की जनता उन्हें सम्मान और श्रद्धा के साथ याद करती है। कार्यक्रम में विधायक विजय रेवनाथ चौरे, पूर्व विधायक अजय रेवनाथ चौरे विशेष रूप से उपस्थित रहकर स्व. रेवनाथ चौरे को श्रद्धांजलि अर्पित करेगे। आयोजकों द्वारा क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## पांढुरना जिले के दो,तीन,चौपहिया वाहन के लिए आरटीओ द्वारा जारी किया एम पी 74 नंबर

### कलम गांव के पास बनेगा आरटीओ कार्यालय का भवन

**नवभारत न्यूज,**

**पांढुरना,19 मई,** जिले के अस्तित्व में आने के बाद से ही जिलेवासियों द्वारा अन्य शासकीय विभाग की तरह ही परिवहन विभाग का कार्यालय यहां शुरू कराने की लगातार मांग की जाती रहीं है,देर आए दुरुस्त आए की तर्ज पर ही सहीं अब पांढुरना के दो तथा चौपहिया वाहनों के नंबर एम पी 74 के नाम से आवंटित कर दिया गया है,वहीं नगरीय सीमा से लगे कमलगांव के पास आरटीओ ऑफिस के भवन के लिए जगह भी चिन्हित कि जा रही है।

पांढुरना जिले के अस्तित्व में आने को लगभग तीन वर्ष का लंबा समय बीतने को है,लेकिन आज भी जिले के अधिकांश विभाग कार्यालय पुराने छिंदवाड़ा जिले से ही संचालित हो रहे है,जिससे लोगों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए अब भी यहां से 100 किलोमीटर दूर छिंदवाड़ा जाना पड़ता है। जिसे देखते हुए पांढुरना जिले के जागरूक लोगों द्वारा शासन से पांढुरना जिला मुख्यालय में ही जिले के सभी कार्यालय प्रारंभ करने की लगातार मांग की जाती रहीं है।

अन्य विभागों की तरह ही आरटीओ कार्यालय यहां शुरू कराने को लेकर लंबे समय से की जा रहीं मांग जाती रहीं है,सूत्रों की मांने तो शासन द्वारा पांढुरना जिले के दो पहिया तथा चौपहिया वाहनों के नंबर के लिए एम.पी. 74 नंबर जारी किया गया है,ज्ञातव्य हो कि पहले पांढुरना को जिला सिवनी का एम पी 22 और इसके बाद छिंदवाड़ा का एम पी 28 के नाम से नंबर आवंटित किया जाता रहा है, लेकिन अब पांढुरना जिले में कोई दो ,तीन या चौपहिया वाहन क्रय करने पर आरटीओ द्वारा एम पी 74 नंबर दिया जायेंगा।

विभागीय सूत्रों की माने तो आरटीओ विभाग के कार्यालय के लिए नगरीय सीमा से लगे ग्राम कलमगांव के पास जगह चिहिंत का कार्य लगभग तय हो गया है,शीघ्र ही विभाग के नाम से यह जगह आंवटित होने के बाद यहां पर विभाग का कार्यालय भवन बनाया जाएंगा।

## अपर कलेक्टर द्वारा जनसुनवाई में लोगों की समस्या सुन दिए निराकरण के निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**पांढुरना,19 मई ,** राज्य शासन द्वारा संचालित साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए सुनवाई की जाती है। इसी क्रम में आज कलेक्टर कार्यालय पांढुर्णा के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर नीलमणि अग्निहोत्री ने 42 आवेदकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा उनके त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

जनसुनवाई में जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों सहित दूरस्थ अंचलों से आए नागरिकों ने विभिन्न समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। प्राप्त आवेदनों में प्रमुख रूप से भूमि सीमांकन, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, भू-अधिकार पट्टा उपलब्ध कराने, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने, जाति प्रमाण पत्र जारी करने, मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का लाभ दिलाने तथा खसरा-नक्शा दुरुस्ती से संबंधित प्रकरण शामिल रहे। जनसुनवाई में ग्राम लव्हाना, तहसील एवं जिला पांढुर्णा




के निवासियों द्वारा गाँव के सार्वजनिक कुएँ की साफ-सफाई नहीं करवाने तथा सचिव एवं सरपंच द्वारा लापरवाही किए जाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया। वहीं वसंतराव कोहले, निवासी संतोषी माता वार्ड पांढुर्णा द्वारा अपने निवासरत स्थान का आवासीय पट्टा प्रदान किए जाने की मांग की गई। रूपचंद गजभिये द्वारा स्वामित्व योजना के अंतर्गत उनका नाम भू-अभिलेख में छूट जाने पर उसे दर्ज किए जाने के लिए आवेदन दिया गया। राहुल कोहले, निवासी संतोषी माता वार्ड,पांढुर्णा द्वारा शासकीय भूमि का आवासीय पट्टा प्रदान किए जाने की मांग की गई। इसी प्रकार काशिराम लाड़के, निवासी ग्राम सिवनी, तहसील पांढुर्णा द्वारा सम्मान निधि की राशि दिलाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया गया। ग्राम सिवनी के ग्रामीणों द्वारा ग्राम की पेयजल समस्या के निराकरण की मांग की गई।धोन्डया मारोती बारई, निवासी तिलक वार्ड, पांढुर्णा द्वारा मौजा कामठीखुर्द, खसरा नंबर 191/1 रकबा 1.247 हेक्टेयर भूमि का नक्शा जोत आधार पर राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज किए जाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया गया।

प्रभाकर वंजारी, निवासी ग्राम उमरामक्ता, पोस्ट सिवनी, पांढुर्णा द्वारा ड्रोन सर्वे एवं स्थल पंचनामा पूर्ण होने के पश्चात भी भू-अभिलेख पोर्टल पर पट्टा दर्ज नहीं किए जाने की शिकायत की गई।ग्राम लव्हाना के ग्रामीणों द्वारा बी.एस.एन.एल. कंपनी द्वारा मोबाइल नेटवर्क टॉवर नहीं लगाए जाने के संबंध में भी आवेदन प्रस्तुत किया गया। वहीं राधिका जैस्वाल, निवासी महावीर वार्ड पांढुर्णा द्वारा शासकीय भूमि का आवासीय पट्टा प्रदान किए जाने के लिए आवेदन दिया गया। इसके अतिरिक्त अन्य विभिन्न जनसमस्याओं से संबंधित आवेदन भी प्राप्त हुए।

जनसुनवाई कार्यक्रम में संयुक्त कलेक्टर सुश्री मेघा शर्मा, डिप्टी कलेक्टर सुश्री प्रेक्षा पाठक सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों द्वारा प्राप्त आवेदनों पर सुनवाई कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की गई।

तुलाई के लिये राशी वसूली पर लगाई फटकार, पारदर्शिता के साथ खरीदी करने के दिये निर्देश

## कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने किया सौसर कृषि मंडी में संचालित खरीदी केन्द्र का निरीक्षण

**नवभारत न्यूज़**

**सौंसर 19 मई.** जिले के कलेक्टर नीरज कुमार वरिष्ठ ने मंगलवार को कृषि उपज मंडी परिसर में संचालित तुअर, चना एवं गेहू की शासकीय खरेदी केन्द्र का औचकर निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होने खरीदी प्रक्रिया, तौल व्यवस्था, उपज के भंडारण एंव किसानों को उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान किसानों द्वारा तुलाई के नाम पर अधिक राशी वसुले जाने की शिकायत सामने आने पर कलेक्टर ने संबंधित कर्मचारियों को कडी फटकार लर्गा। उन्होने स्पष्ट निर्देश दिये कि, किसानों से किसी भी प्रकार की अतिरिक्त राशी वसूली नही की जाये तथा खरीदी कार्य पूरी पारदप्रिता एवं शासन के नियमों के अनुरूप किया जाये। कलेक्टर ने कहा कि, पंजीयनकर्ता किसान स्वयं उपस्थित होकर ही अपनी उपज का विक्रय करे, ताकि, किसी प्रकार की अनियमिता एवं



बिचौलियों की भूमिका समाप्त हो सके। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि, किसानों की उपज की खरीदी क्रमानुसार की जाये और प्रत्येक किसान को निष्पक्ष रूप से शासन की योजनाओं का लाभ मिले। कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने यह भी निर्देश दिये कि, खरीदी कार्य तहसीलदार एवं पटवारी की टीम की उपस्थिति में ही सम्पन्न कराया जाये, जिससे पूरी प्रक्रिया पारदर्षी एवं व्यवस्थित बनी रहे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने तौल कांटों एवं रिकार्ड संधारण की जांच करते हुये खरीदी केन्द्र में साफ-सफाई, पेयजल, छाया एवं बैठने की समुचित व्यवस्था बनाने के निर्देश दिये। विदित हो कि, बीते दिवस जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड ने भी मंडी परिसर पहुचकर किसानों की समस्याएं एवं व्यथा सुनी थी। इस दौरान किसानों ने तुलाई के नाम पर अधिक राशी वसूले जाने की शिकायत की थी। जिसके बाद प्रशासन हरकत में आया और मंगलवार को कलेक्टर द्वारा खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री वशिष्ठ द्वारा खरीदी कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता पाये जाने पर संबंधितों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के भी संकेत दिये। अवसर पर पुलिश अधिक्षक श्री परिहार, जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड, एसडीएम प्रियांक मिश्रा सहित मंडी प्रशासन एवं संबंधित विभागो के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### महामहिम राज्यपाल के प्रस्तावित आगमन को लेकर तैयारियां तेज

**पांढुर्णा।** पांढुर्णा जिले के विकासखंड सौसर के ग्राम आमला में महामहिम राज्यपाल आदरणीय मंगूभाई पटेल के प्रस्तावित आगमन को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में आज कार्यक्रम स्थल पहुंचकर अधिकारियों द्वारा सभी व्यवस्थाओं का विस्तृत अवलोकन किया गया तथा आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान कार्यक्रम स्थल पर की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कार्यक्रम स्थल पर प्रत्येक व्यवस्था चाक-चौबंद, सुव्यवस्थित एवं समय-सीमा के अनुरूप सुनिश्चित की जाए, जिससे कार्यक्रम का सफल, गरिमामय एवं व्यवस्थित आयोजन किया जा सके। कार्यक्रम स्थल निरीक्षण के दौरान कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ, जिला पंचायत सीईओ अग्रिम कुमार, पुलिस अधीक्षक प्रकाश चंद्र परिहार, अपर कलेक्टर नीलमणि अग्निहोत्री, एसडीएम पांढुर्णा श्रीमती अलका एक्का, प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी प्रियंक मिश्रा आदि रहे।

## आज बंद रहेंगी जिले की सभी मेडिकल दुकानें

**आँनलाईन दवाओं की बढ़ती बिक्री पर प्रतिबंध लगानें औषधी विक्रेता संघ का आंदोलन**

**नवभारत न्यूज,**

**पांढुरना,19 मई,** ऑनलाइन दवाओं की दिनों दिन बढ़ती जा रहीं बिक्री पर रोक लगाने के मांग को लेकर औषधि विक्रेता संघ के प्रांत व्यापी आव्हान पर आज 20 मई 2026 को पांढुरना जिले के भी सभी मेडिकल दवाओं के संचालकों द्वारा अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रख विरोध प्रदर्शन करेंगे,हांला कि जीवन उपयोगी दवाओं के लिए नगर के मजदूर केंद्र पर स्थित मनोज खरवड़े की दुकान खुली रहेंगी।

औषधि विक्रेता संघ के प्रांतीय आव्हान पर पांढुरना जिले के औषधि विक्रेताओं द्वारा भी 20 मई को अपनी अपनी दुकानें बंद रख विरोध प्रकट करेंगे,इन औषधी विकेताओं का मानना है कि कई लोग बडे मात्रा में आंनलाइन दवाएं बुला रहें है,जब कि इन दवाओं शुद्धता तथा असली नकली के संदर्भ में कोई भी ठोस प्रमाण तक नहीं है,इसके सेवन से लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पर हो सकता है,वहीं कई झोलाछाप चिकित्सक भी लोगों को अपनी मनमर्जी से दवा लिखकर दें रहें है,यह भी नियम विरूध है ।

औषधी विकेताओं की सरकार से मांग है कि तुरंत ही इस ऑनलाइन दवाओं की बिक्री पर सख्ती से पाबंदी लगाने के साथ ही ऐसे झोलाछाप चिकित्सकों पर कार्यवाही करें। इन मुद्दों को लेकर प्रदेश के अन्य जिलों की तरह ही पांढुरना जिला औषधि संघ के नेतृत्व में कलेक्टर को ज्ञापन भी सौपेंगे।